# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, दैनिक जागरण, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 29.03.2025

**गुड गवर्नेंस यात्रा के 30 डेलीगेट्स से मिले वीडीए उपाध्यक्ष**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग से शुक्रवार को गुड गवर्नेंस यात्रा 2025 के डेलीगेट्स ने मुलाकात की। इसमें 30 डेलीगेट्स ने मुलाकात के दौरान यहां की यातायात समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वीडीए उपाध्यक्ष से विकास योजनाओं, इकोसिस्टम के संतुलन के बारे में सवाल पूछे। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि शहर में ट्रैफिक समस्याओं को हल करने के लिए कई पहल किए गए हैं। बस नेटवर्क का विस्तार किया गया है। इससे शहर में वाहनों की संख्या में कमी आएगी और ट्रैफिक दबाव घटेगा। फुटपाथ की योजना है। इसमें विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए, शहरभर में फुटपाथ का निर्माण कार्य चल रहा है। रोपवे परियोजना है। इसमें एशिया का पहला रोपवे प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है। जो न केवल ट्रैफिक को कम करेगा बल्कि शहर के पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। यह प्रोजेक्ट शहर के प्रमुख स्थानों को जोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। असि नदी के जीर्णोद्धार पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है, ताकि नदी के प्रवाह को बनाए रखा जा सके। इसके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित किया जा सके। ब्यूरो

### आज–दि0 29.03.2025

**प्लाटिंग पर चली जेसीबी**

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर वार्ड रामनगर मौजा जीवधीपुर में बिना ले आउट स्वीकृत कराये पांच बीघा जमीन की प्लाटिंग की जा रही थी। जानकारी मिलनेके बाद भूमि स्वामी को नोटिस के माध्यम से सचेत किया गया था कि अनुमति मिलनेके बाद ही प्लाटिंग करें लेकिन प्लाटिंग का कार्य जारी रहा। शुक्रवार को जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियंता अशोक कुमार यादव, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और निकटतम थाने की पुलिस और प्रवर्तन दल ने जेसीबी के माध्यम से प्लाटिंग पर हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

## दैनिक जागरण–दि0 29.03.2025

### वीडीए टीम ने पांच बीघा अवैध प्लाटिंग तोड़ी

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को बिना ले-आउट पास कराए अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन पांच के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश ने बताया कि रामनगर वार्ड के जिवधीपुर में पांच बीघे की अवैध प्लाटिंग के बाउंड्री को बुलडोजर से तोड़ दिया गया।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 29.03.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग से मिले गुड गवर्नेंश यात्रा 2025 के डेलीगेट्स

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग से "Good Governance Yatra 2025" के अंतर्गत लगभग 30 डेलीगेट्स ने मुलाकात की। यह कार्यक्रम देशभर से आए प्रतिभागियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे भारत के भविष्य को आकार देने वाले विकासात्मक योजनाओं और नीतियों को समझने और उन पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त करते हैं।डेलीगेट्स ने श्री गर्ग से वाराणसी में ट्रैफिक समस्याओं, विकास योजनाओं, और इकोसिस्टम के संतुलन के बारे में सवाल पूछे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने बताया कि वाराणसी में ट्रैफिक समस्याओं को हल करने के लिए कई पहलों की शुरुआत की गई है, जिनमें प्रमुख पहलें शामिल हैं **जैसे बस नेटवर्क का विस्तार** इससे शहर में वाहनों की संख्या में कमी आएगी और ट्रैफिक दबाव घटेगा। **फुटपाथ की योजना** विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए, शहरभर में फुटपाथ का निर्माण कार्य चल रहा है, जैसे कि सेंट्रल जेल रोड पर कार्य प्रगति पर है।

**रोपवे परियोजना** वाराणसी में एशिया का पहला रोपवे प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जो न केवल ट्रैफिक को कम करेगा बल्कि शहर के पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। यह प्रोजेक्ट शहर के प्रमुख स्थानों को जोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।इसके अलावा, उपाध्यक्ष ने बताया कि वाराणसी के इकोसिस्टम के संरक्षण के लिए कई जलाशयों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जैसे कि दुधिया तालाब, लक्ष्मी तालाब, काला तालाब, पंचकोसी, रीवा, बखरिया, कबीर प्रकट तालाब आदि। इसके साथ ही, कर्धमेश्वर तालाब, कंदवा तालाब, और कंचन तालाब पर भी कार्य प्रस्तावित है। इन जलाशयों का पुनर्विकास शहर के पर्यावरण को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।उपाध्यक्ष ने यह भी बताया कि अस्सी नदी के जीर्णोद्धार पर भी तेज़ी से कार्य किया जा रहा है, ताकि नदी के प्रवाह को बनाए रखा जा सके और इसके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित किया जा सके। वाराणसी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के बारे में बात करते हुए, उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि VDA द्वारा कृषि भूमि पर मानचित्र स्वीकृति की अनुमति नहीं दीजाती है। इसके साथ ही, गंगा नदी के 200 मीटर के दायरे में बिना अनुमति के किसी भी निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है, ताकि यहां के प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। Good Governance Yatra 2025 ने डेलीगेट्स को एक अनमोल अवसर प्रदान किया है, जहां उन्होंने गहरे स्तर पर शासन, नीति और विकास योजनाओं को समझने के साथ-साथ एक सशक्त और समृद्ध भारत बनाने के प्रयासों में सहभागिता की।

## परफेक्ट मिशन–दि0 29.03.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष से मिला गुड गवर्नेंस यात्रा का डेलीगेट्स

**परफेक्ट मिशन**



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग से शुक्रवार कोगुड गवर्नेंस यात्रा 2025 के अंतर्गत लगभग 30 डेलीगेट्स ने मुलाकात की। यह कार्यक्रम देशभर से आए प्रतिभागियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें वे भारत के भविष्य को आकार देने वाले विकासात्मक योजनाओं और नीतियों को समझने और उन पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त करते हैं।

डेलीगेट्स ने श्री गर्ग से वाराणसी में ट्रैफिक समस्याओं, विकास योजनाओं, और इकोसिस्टम के संतुलन के बारे में सवाल पूछे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महोदय ने बताया कि वाराणसी में ट्रैफिक समस्याओं को हल करने के, लिए कई पहलों की शुरुआत की गई है, जिनमें प्रमुख पहलें शामिल हैं जिसमेंबस नेटवर्क का विस्तार- इससे शहर में वाहनों की संख्या में कमी आएगी और ट्रैफिक दबाव घटेगा।फुटपाथ की योजना- विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए, शहरभर में फुटपाथ का निर्माण कार्य चल रहा है, जैसे कि सेंट्रल जेल रोड पर कार्य प्रगति पर है।रोपवे परियोजना- वाराणसी में एशिया का पहला रोपवे प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जो न केवल ट्रैफिक को कम करेगा बल्कि शहर के पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। यह प्रोजेक्ट शहर के प्रमुख स्थानों को जोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।इसके अलावा, उपाध्यक्ष ने बताया कि वाराणसी के इकोसिस्टम के संरक्षण के लिए कई जलाशयों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जैसे कि दुधिया तालाब, लक्ष्मी तालाब, काला तालाब, पंचकोसी, रीवा, बखरिया, कबीर प्रकट तालाब आदि। इसके साथ ही, कर्ध्मेश्वर तालाब, कंदवा तालाब, और कंचन तालाब पर भी कार्य प्रस्तावित है। इन जलाशयों का पुनर्विकास शहर के पर्यावरण को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उपाध्यक्ष ने यह भी बताया कि अस्सी नदी के जीर्णोद्धार पर भी तेज़ी से कार्य किया जा रहा है, ताकि नदी के प्रवाह को बनाए रखा जा सके और इसके आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित किया जा सके।वाराणसी के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के बारे में बात करते हुए, उपाध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि द्वारा कृषि भूमि पर मानचित्र स्वीकृति को अनुमति नहीं दी जाती है।

इसके साथ ही, गंगा नदी के 200 मीटर के दायरे में बिना अनुमति के किसी भी निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है, ताकि यहां के प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। Good Governance Yatra 2025 ने डेलीगेट्स को एक अनमोल अवसर प्रदान किया है, जहां उन्होंने गहरे स्तर पर शासन, नीति और विकास योजनाओं को समझने के साथ-साथ एक सशक्त और समृद्ध भारत बनाने के प्रयासों में सहभागिता की।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 29.03.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना की वीडीए उपाध्यक्ष ने की समीक्षा



**वाराणसी।** ट्रासपोर्ट नगर योजना पर वीडीए उपाध्यक्ष ने जहां समीक्षा की,वही भविष्य की कार्यप्रणाली पर चर्चा और समयबद्ध निष्पादन पर बल दिया। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने परियेजना की अद्ययन स्थिति पर चर्चा करते हुए ट्रको की पार्किंग फायर स्टेशन रोड़ के डिजाइन की जानकारी ली। इस अवसर पर कार्यो की प्रगति और आवश्यक सुधारों के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी और

**लिया हाल**

**भविष्य की कार्यप्रणाली पर चर्चा**

**समयबद्ध निष्पादन पर दिया बल**

निर्णय लिया गया कि कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाय । इस दौरान वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, नगर नियोजक प्रभात कुमार, प्रभारी अधिकारी संपत्ति आनन्द प्रकाश तिवारी,आईआईटी बीएचयू टीम शामिल रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

न्यायाधीश–दि0 29.03.2025

## वीडीए जोन-5 ने की अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा के प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-रामनगर मौजा-जिवधीपुर, इण्डस्ट्रीयल एरिया थाना-अलीनगर, वार्ड-रामनगर में पक्ष द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग (05 बीघे) जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तगर्त धारा-27 एवं 28 की नोटिस दिनांक 14.02.2025 की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 28.03.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री सिंह गौरव जयप्रकाश ,अवर अभियंता अशोक कुमार यादव व प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।